**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 04.08.2023 को आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ में आयोजित पूर्वान्चल विकास बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक की उपस्थिति संलग्न है।

2- सर्वप्रथम आयुक्त, आजमगढ़ मण्डल द्वारा पूर्वान्चल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् जिलाधिकारी, आजमगढ़ तथा मण्डलीय उच्चाधिकारियों द्वारा बोर्ड के उपस्थित मा0 सदस्यगण का स्वागत किया गया।

3- आयुक्त, आजमगढ़ मण्डल द्वारा अवगत कराया गया कि इस मण्डल में 03 जनपद यथा-आजमगढ़, मऊ एवं बलिया आते हैं जिनमें विकास की दृष्टि से अपार सम्भावनाएं हैं। तत्पश्चात् मण्डलायुक्त, आजमगढ़ द्वारा निम्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों से उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया गया:-

- पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से मऊ, आजमगढ़, गाजीपुर एवं अम्बेडकरनगर के निवासियों को सुगम सुविधाजनक मार्ग की उपलब्धता होना।
- वाराणसी-लुम्बनी राष्ट्रीय राजमार्ग (एन0एच0-233), वाराणसी-मऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एन0एच0-29) तथा आजमगढ़-गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से मण्डल के जनपदों को सुगम यातायात की सुविधा मिलना।
- मन्दूरी एयरपोर्ट के शीघ्र संचालन से हवाई यात्रा की सुविधा तथा औद्योगिक विकास में गति आना।
- जनपद आजमगढ़ में मेडिकल कॉलेज तथा अतरौलिया एवं लालगंज में 100 शैय्यायुक्त सुपरस्पेशलिटी चिकित्सालयों के संचालित होने से आम जनमानस को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होना।
- पर्यटन स्थलों यथा-दुर्वासा ऋषि, चन्द्रमा ऋषि, दत्तात्रेय ऋषि, भैरव बाबा, वनदेवी स्थल, भृगु आश्रम, सुरहा ताल आदि का पर्यटन स्थल के रूप में विकास।
- जनपद आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय एवं जनपद बलिया में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का संचालन होना।
- जनपद आजमगढ़ में संगीत महाविद्यालय निर्माणाधीन होना।
- अटल आवासीय विद्यालय, गम्भीरवन का निर्माण होना।
- हरिऔध कला केन्द्र की स्थापना।

उक्त क्रम में मण्डलायुक्त, आजमगढ़ द्वारा जनपद आजमगढ़ में ब्लैक पाटरी, रेशमी साड़ी की सीधी ब्रिकी की व्यवस्था, बुनकर एवं हस्तशिल्पियों को प्रचुर मात्रा में सस्ते दरों पर माल उपलब्ध कराने, मिट्टी उद्योग हेतु कच्चे माल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुये प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना कराने तथा ऑवला, अमरूद, बेल, पपीता आदि की बागवानी एवं काष्ठ उद्योगों को प्रोत्साहित किये जाने पर बल दिया गया।

4- विशेष सचिव, नियोजन द्वारा पूर्वांचल विकास बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों तथा बैठक में उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए बोर्ड के गठन, उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से पूर्वांचल क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने के लिए परामर्शी संस्था के रुप में पूर्वांचल विकास बोर्ड का गठन हुआ है। इस बोर्ड का प्रमुख कार्य प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में विकास में आ रही समस्याओं को दूर करने हेतु सुझाव देना है। इस बोर्ड की प्रथम बैठक जुलाई, 2019 में मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में लोक भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। तत्पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार इस बोर्ड की बैठकें पूर्वांचल के विभिन्न मण्डलों में आयोजित हो चुकी हैं। आजमगढ़ मण्डल में बोर्ड की यह ग्यारहवीं बैठक है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल विकास बोर्ड के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन भी हो चुका है। पूर्वांचल विकास बोर्ड की पूर्व में सम्पन्न सभी बैठकों के कार्यवृत्तों को सम्बन्धित 48 विभागों को सम्यक परीक्षण करके परीक्षण आख्या/कृत कार्यवाही से बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अवगत कराने हेतु प्रेषित किया जा चुका है जिसके क्रम में विभागों से प्राप्त परीक्षण आख्या से मा0 पदाधिकारीगण को समय-समय पर अवगत भी कराया गया है।

5- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों, आयुक्त, आजमगढ़ मण्डल, विशेष सचिव, नियोजन, जिलाधिकारी आजमगढ़ तथा सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया।

6- श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास से अवगत कराते हुए निम्न सुझाव दिये गये:-

- विकासखण्ड कैम्पियरगंज, जनपद गोरखपुर के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं यथा-माधोपुर, सरपतहां, भौराबारी, लक्ष्मीपुर द्वितीय, लक्ष्मीपुर, सूरस, इन्द्रपुर, राजपुर, अलीगढ़, जंगलबब्बन आदि के किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाये जाने के लिये जंगल के चारों ओर तार-बाड़ लगवाया जाना।
- विधानसभा क्षेत्र कैम्पियरगंज के अन्तर्गत बढ़या-रिगौली बन्धे के अन्तर्गत ग्रामसभा बढ़या के टोला टेढ़ाबीर से ग्राम बान तक बन्धे का पिच कराया जाना।
- विधानसभा क्षेत्र कैम्पियरगंज, जनपद गोरखपुर के अन्तर्गत नवसृजित विकासखण्ड-भरोहिया की ग्रामसभा पचगॉवा व राखूखोर के मध्य स्थित प्राचीन समय माता मन्दिर व भव्य पोखरे का सुन्दरीकरण कराकर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराना।
- विकासखण्ड भरोहिया, जनपद गोरखपुर के अन्तर्गत पड़रहवा-बान सड़क से मझौना होते हुये हिरूआ गॉव तक पुरानी व जर्जर सड़क का चौड़ीकरण कराना।

- विकासखण्ड कैम्पियरगंज के अन्तर्गत ग्रामसभा धर्मपुर के टोला सिकन्दरपुर पंचायत भवन से आलमचक पिचमार्ग तक सड़क का निर्माण (लगभग 01 किमी)।
- विकासखण्ड कैम्पियरगंज के अन्तर्गत ग्रामसभा आलमचक के अन्तर्गत रामचौरा-नेतवर पिचमार्ग से ताजपुर पिचमार्ग तक सड़क का निर्माण (लगभग 900 मी0)।
- सरयू नहर परियोजना के अन्तर्गत जनपद सिद्धार्थनगर से जनपद महराजगंज होते हुये जनपद गोरखपुर तक नहर पर बनी पुलिया का एप्रोच बनवाना।
- सी0आर0आई0एफ0 योजनान्तर्गत गोरखपुर रेलखण्ड के मानीराम पीपीगंज रेलवे स्टेशन के मध्य कि0मी0 21/7-8 पर समपार गेट संख्या- 14 सी0 पर प्रस्तावित रेल उपरगामी सेतु के प्रस्तावित एलाइनमेन्ट में बिना किसी अतिरिक्त खर्च के अनुपयोगी निर्माण में संशोधन कराकर सेतु निर्माण कराये जाने पर विचार करना।

7- श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- भिटौली बाजार, जनपद महराजगंज को विकासखण्ड बनाया जाना।
- ठूठीबारी, जनपद महराजगंज को विकासखण्ड बनाया जाना।
- अड्डा बाजार, जनपद महराजगंज को विकासखण्ड बनाया जाना।
- खुटहा बाजार, जनपद महाराजगंज को नगर पंचायत बनाया जाना।
- गरीब आमजन को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जाना।
- विकासखण्ड सिसवां, जनपद महराजगंज की ग्रामसभा सिसवां पकड़ी व परसा गिदही में पानी निकासी हेतु दो साइफन सिंचाई विभाग द्वारा बनाया जाना।
- विकासखण्ड सदर, जनपद महराजगंज के अन्तर्गत ग्रामसभा बागापार, टोला-कोदईपुर एवं विजयपुर के बीच में 05 मी0 की अपूर्ण पुलिया के निर्माण को पूर्ण कराना।
- विकासखण्ड मिठौरा में ग्राम पंचायत पड़रीखुर्द, छोटका टोला नगर पुलिया से ग्राम पंचायत मिश्रौलिया पुलिया तक नहर की दक्षिणी लम्बाई 01 किमी पटरी को पिच रोड बनाया जाना।

8- श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- ग्राम-तिर्रे मनोरमा, विकासखण्ड रूपईडीह, जनपद गोण्डा में महाराज देवी वक्श सिंह द्वारा सैकड़ो वर्ष पूर्व निर्मित कराये गये मनोरमा उदगम स्थल तिर्रे तालाब, राम जानकी मन्दिर तथा श्री उद्दालक मुनि की तपोस्थली वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण इनका सौन्दर्यीकरण कराया जाना।
- श्री वाल्मिकी इण्टर कालेज, विकासखण्ड विक्रमजोत, जनपद बस्ती की वर्षो पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग में अधिगृहीत भूमि के मुआवजे की धनराशि से नये कमरों का निर्माण कराया जाना।

- ग्राम छविलाहा, तहसील सदर, जनपद बस्ती में पूर्व में निर्मित लोहिया आवासों को पण्डित दीन दयाल उपाध्याय आवास के रूप में गरीबों को आवंटित किया जाना।
- जिला नगरीय विकास अभिकरण,बस्ती द्वारा वर्ष 2019 में नगर पालिका में पात्र लाभार्थियों से आवेदन लिया गया था किन्तु अभी तक इन लाभार्थियों को आवास नही मिल सकने के परिपेक्ष्य में विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही किया जाना।
- चाइनीज पतंगों के धागों से दुर्घटना होने के परिपेक्ष्य में इस पर प्रतिबन्ध लगाया जाना।
- विद्युत विभाग द्वारा बकायेदारों का ब्याज तथा सरचार्ज माफ कर बिल वसूली में गति लाना।
- विद्युत विभाग द्वारा शमन शुल्क कम किया जाना।
- किसानों को विद्युत कनेक्शन दिये जाने की प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाना।
- ग्राम रूदरी, विकासखण्ड रानी की सराय, जनपद आजमगढ़ में शारदा सहायक खण्ड-32 नहर के पास अम्बेडकर पार्क के दक्षिण में पुलिया का निर्माण किया जाना।
- ग्राम दाऊदपुर, विकासखण्ड रानी की सराय, जनपद आजमगढ़ में प्राइमरी स्कूल के पहले पी0डब्लू0डी0 रोड पर पुलिया का निर्माण किया जाना।
- ग्राम अनौरा, जनपद आजमगढ़ में रामचन्दर गौड़ के घर के बगल में पी0डब्लू0डी0 रोड और वाहा के बीच नहर पर जल निकासी हेतु पुलिया का निर्माण किया जाना।
- ग्राम अनौरा, जनपद आजमगढ़ में रविन्दर विश्वकर्मा के घर के बगल में वाहा पर और रोड के बीच पुलिया का निर्माण किया जाना।
- ग्राम पंचायत फत्तनपुर, विकासखण्ड मिर्जापुर, जनपद आजमगढ़ को लखनऊ बलिया राजमार्ग से जोड़ने के लिए पूर्व स्थापित 650 मीटर कच्चे मार्ग को डामर मार्ग के रूप मे निर्मित किया जाना।
- ग्राम नटवर, पोस्ट एवं विकासखण्ड मरदह, जनपद गाजीपुर में श्री काली माता मन्दिर में धर्मशाला व सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाना।
- ग्राम पंचायत बनकट, विकासखण्ड धनूपुर, हण्डिया-प्रयागराज में गुरूकुल पब्लिक स्कूल में जाने के लिए 100 मीटर इण्टरलाकिंग/सी0सी0 रोड बनवाने पर विचार किया जाना।
- ग्राम पंचायत मोचीपुर, विकासखण्ड अजमतगढ़, जनपद आजमगढ़ में रिक्त भूमि गाटा संख्या-129 पर शादीघर बनवाये जाने पर विचार करना।
- ग्राम पंचायत मोचीपुर, विकासखण्ड अजमतगढ़, जनपद आजमगढ़ में हरि नारायण के घर से ग्राम पंचायत मोचीपुर की पोखरी तक 700 मीटर नाले के निर्माण किया जाना।

9- श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद प्रयागराज में यमुनापार क्षेत्र के मेजा, कोरॉव, करछना, बारा तहसीलों को मिलाकर एक नये जिले का सृजन किया जाना।

- जनपद प्रयागराज में मेजा एवं कोरॉव विकासखण्ड को काटकर नये विकासखण्ड का सृजन किया जाना।
- संगम के आगे गंगा पर लवायन और सिरसा के मध्य एक पुल का निर्माण।
- यमुना पर घूरपुर और पंडुवा प्रतापपुर के मध्य एक पुल का निर्माण।
- अल्प वर्षा के कारण पूर्वान्चल क्षेत्र को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाना।
- श्रीअन्न (मिलेट्स) की खेती की जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराना।
- ग्रामीण क्षेत्र में भण्डारण हेतु तहसील /विकासखण्ड स्तर पर शीतगृह बनाने पर विचार किया जाना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी को प्रोत्साहन देने हेतु कर्नाटक राज्य के समान महिला समूहों को दुग्ध खरीद के लिये अधिकृत किया जाना तथा उनसे संग्रहित दुग्ध राज्य सरकार द्वारा खरीदने पर विचार किया जाना।
- नहरों में पानी की कमी के लिये तथा पानी के अपव्यय के लिये अभियंताओं /अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किया जाना।
- तमिलनाडु राज्य की तरह सिंचाई वाले बोरवेल को मुफ्त बिजली देने पर विचार करना।
- मृदा परीक्षण को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित कराया जाना।
- बिजली के लाईन लॉस के लिये संबंधित अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किया जाना।
- विद्युत साफ्टवेयर को बैंकों की तरह फूलप्रूफ बनाया जाना।
- पूर्वान्चल के सभी जिलों में समाज कल्याण के नाम से अंकित कृषि योग्य भूमि की जानकारी कराकर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को पट्टे पर दिये जाने पर विचार करना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था हेतु नियुक्त सफाई कर्मियों से सफाई कार्य कराया जाना सुनिश्चित कराना।
- जनपद प्रयागराज के शंकरगढ़ में भारत पेट्रोलियम की आरक्षित भूमि पर बहुत पुरानी रिफाइनरी के निर्माण की योजना को संचालित कराना।
- नैनी औद्योगिक क्षेत्र की बंद इकाइयों को पुन: चालू कराने अथवा नई उत्पादन इकाई बनाने पर विचार करना।
- मेजा और मऊआइमा की वर्षों से बंद पड़ी कताई मिलों का जीर्णोद्धार कराना अथवा उस भूमि पर कोई नयी उत्पादन इकाई स्थापित कराने पर विचार किया जाना।

10- श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद गाजीपुर में देश के सर्वोत्कृष्ट पवित्र धामों में महाहर धाम अग्रणी है। इस धाम के मुख्य मंदिर में शिव-पार्वती की युगल मूर्ति श्रृंगारिक रुप में स्थापित है जिसे चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ जी के द्वारा निर्मित कराया गया था। शिव मंदिर के बगल में ब्रहमा जी चार मुखधारी मंदिर में हैं। इस मंदिर के पास में राजा दशरथ जी का ध्वस्त अवस्था में गढ़ी के रुप में महल तथा गढ़ी के सामने 400 मीटर लम्बाई में एक पक्का तालाब

है। मंदिर के दक्षिण में काल भैरव की विशाल मूर्ति एवं पास में ही लगभग 3-4 किलोमीटर में फैली पुरइन झील है जिसमें आज भी कमल के फूल खिलते हैं। यह सिद्ध पीठ सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला आस्था का प्रतीक है जहां पर हर तीन साल पर अनादिकाल से भव्य यज्ञ का आयोजन होता रहा है। महाहर धाम के दक्षिण दिशा में 4-5 किलोमीटर पर श्रवण कुमार का जीर्ण सूर्य मंदिर आज भी है। मुख्य मंदिर के सामने नीचे कुएं में शिव जी की मूर्ति तेरह कलाओं से परिपूर्ण सजीव से दिखने वाले महाहर बाबा के नाम से चर्चित है। उक्त वस्तुस्थिति के दृष्टिगत महाहर धाम को पर्यटक स्थल बनाये जाने की आवश्यकता है।

- जनपद गाजीपुर में पर्याप्त संख्या में इण्टर कालेज एवं डिग्री कालेज हैं किन्तु एक भी विश्वविद्यालय नहीं है। अत: जनपद गाजीपुर में 01 विश्वविद्यालय खोले जाने पर विचार किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद गाजीपुर से बाहर भेजे जानी वाली सब्जियों के रख-रखाव हेतु उचित भण्डारण की व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है।
- प्रदेश में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने पर सरकार द्वारा विचार किये जाने की आवश्यकता है।

11- श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया:-

- नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ की अधिसूचना दिनांक 02 नवम्बर, 1985 के द्वारा शक्तिनगर विशेष विकास क्षेत्र का गठन हुआ है। इस विशेष क्षेत्र के अन्तर्गत सोनभद्र जनपद के दक्षिण का सम्पूर्ण भूभाग अवस्थित है। उक्त क्षेत्र अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र है। इस विशेष विकास क्षेत्र का गठन क्षेत्र के औद्योगिकीकरण के कारण विस्थापित हो रहे स्थानीय लोगों के पुर्नवास के साथ-साथ क्षेत्र के सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित विकास की दृष्टि से हुआ है किन्तु प्राधिकरण अपनी स्थापना के पश्चात् उद्देश्यों के अनुरूप कार्य नहीं कर पा रहा है। इसका न तो अपना कोई स्थायी कार्यालय है और न ही अपेक्षित अधिकारी व कर्मचारी है। अत: इस प्राधिकरण की सम्पूर्ण गतिविधियों यथा- आय-व्यय आदि का पोर्टल बनाकर पारदर्शिता के आधार पर कार्य कराये जाने की आवश्यकता है।
- रिहन्द नगर/बीजपुर एन0टी0पी0सी0 ताप विद्युत परियोजना से लगभग 14 किलोमीटर पहले मुख्य मार्ग पर अजीर नदी के किनारे अजीरेश्वर धाम-ग्राम व पोस्ट जरहा, ब्लाक म्योरपुर, तहसील दुद्धी, जनपद सोनभद्र में अति प्राचीन शिव मंदिर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित है तथा उत्तर प्रदेश एवं सीमावर्ती राज्यों के जनजातीय समुदाय की आस्था का केन्द्र है। इस मन्दिर पर वर्ष पर्यन्त श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है तथा शिवरात्रि के मेले में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आते हैं। मंदिर की स्थानीय समिति द्वारा यहां धर्मशाला, भोजनालय, वृद्ध आश्रम आदि सुविधायें उपलब्ध करायी जाती हैं तथा जरहा न्याय पंचायत स्थित सभी 110 ग्रामसभाओं के विद्यालयों का

सामूहिक खेलकूद, सरस्वती पूजन आदि भी यहीं सम्पन्न होता है। उल्लेखनीय है कि अजीर नदी बरसाती नदी है। यदि मंदिर के सामने इस पार से उस पार थोड़ी ऊंची दीवार/रपटा बना दिया जाय तो कुछ पानी पूरे वर्ष एकत्रित रहेगा जिससे अत्यधिक सुविधा हो जायेगी। उक्त कार्य वन विभाग के द्वारा कराये जाने पर विचार किया जा सकता है।

- सोनभद्र जनपद खनिजों के उत्पादन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश एवं देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। डी0एम0एफ0 केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून है जो उत्तर प्रदेश में प्रभावी है। इसके संचालन के लिए सोनभद्र में जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में समिति गठित है। खनिज सम्पदा की देय रायल्टी का 10 प्रतिशत डी0एम0एफ0 देय है। जो खदानें नीलामी द्वारा रायल्टी की सरकारी दर से अत्यधिक ऊंची दर पर नीलाम हुई हैं, उस बढ़ी हुई दर पर डी0एम0एफ0 लिया जाना चाहिये, किन्तु संबंधित लीज धारकों द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश के क्रम में बैंक गारण्टी देकर अपनी लीज में खनन कार्य किया जा रहा है तथा बैंक गारण्टी की अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् उसका नवीनीकरण नहीं कराया जा रहा है। इस प्रकार अपेक्षित डी0एम0एफ0 की वसूली नहीं हो रही है। बैंक गारण्टी सेफ कस्टडी में रखी जानी चाहिये किन्तु किसी जिम्मेदार कर्मचारी के न होने के कारण लीज धारक की पत्रावली में ही रहती है जहां वह सुरक्षित नहीं है। डी0एम0एफ0 से क्या कार्य कराये जाने हैं, क्या हो रहे हैं आदि किसी भी प्रकार की कोई जानकारी सामान्य जन को नहीं हो पाती है। अत: डी0एम0एफ0 से कराये जाने वाले कार्यों तथा आय-व्यय की जानकारी सभी को उपलब्ध कराने हेतु पोर्टल बनाये जाने पर विचार किया जा सकता है।
- सोनभद्र जनपद एक औद्योगिक जनपद है जहां केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं निजी क्षेत्र के बहुत से व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। केन्द्र सरकार के कानून के तहत जिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रू0 50.00 करोड़ से अधिक का निवेश है तथा जिनका वार्षिक टर्नओवर रू0 500.00 करोड़ से अधिक है उन्हें प्रतिवर्ष अपनी शुद्ध आय का 02 प्रतिशत निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के मद में व्यय करना है। उल्लेखनीय है कि सोनभद्र जनपद में उक्त सी0एस0आर0 फण्ड से संबंधित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा कब-कब, कहां-कहां कितनी राशि व्यय की गयी है, के संबंध में आम जन को कोई जानकारी नहीं मिल पाती है। अत: सी0एस0आर0 फण्ड से कराये जाने वाले कार्यों तथा आय-व्यय की जानकारी सभी को उपलब्ध कराने हेतु पोर्टल बनाये जाने पर विचार किया जा सकता है।

12- श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वांचल विकास बोर्ड द्वारा निम्न कार्यों को कराये जाने पर बल दिया गया:-

- जनपद आजमगढ़ का नाम आर्यमगढ़ किया जाना।

- मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ के सिल्क उद्योग को बढ़ावा देने के लिये स्थानीय स्तर पर मार्केट उपलब्ध कराया जाना।
- जनपद आजमगढ़ को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के निजामाबाद में ब्लैक पाटरी और मुबारकपुर में रेशमी साड़ियों का कार्य होने के दृष्टिगत इन्हें उद्योग का दर्जा दिया जाना।
- जनपद आजमगढ़ की 460 समितियों में से लगभग 200 समितियां बन्द हैं। जनपद मऊ की 500 में से 450 समितियां बन्द हैं और जनपद बलिया की 25 में सभी समितियां बन्द हैं। अत: आजमगढ़, मऊ तथा बलिया की बुनकर समितियों को पुन: क्रियाशील किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के निजामाबाद के हुसैनाबाद मोहल्ले में कुम्हार परिवार के लगभग 50 से 60 परिवार निवास करते हैं। इनका मुख्य व्यवसाय मिट्टी के बर्तन की कलाकृति बनाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करना है। अत: उनके व्यवसाय में वृद्धि हेतु निजामाबाद में बेहतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था किये जाने तथा यहां की मिट्टी को घेराबंदी करके कुम्हार परिवारों को दिये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद आजमगढ़ के गम्भीरवन में 45 एकड़ जमीन यू0पी0एस0आई0डी0सी0 को देने का प्रस्ताव तैयार हुआ था जिसे अतिशीघ्र औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किया जाना आवश्यक है।
- पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के किनारे इंड्रस्ट्रियल कारीडोर का अतिशीघ्र निर्माण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़, मऊ और बलिया के बुनकरों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने की आवश्यकता।
- राम सहाय कमीशन की सिफारिशों को लागू किया जाना।
- हैंडलूम के व्यवसाय को मजबूत करने के लिये जुगाड़ू लूम पर तैयार साड़ियों के क्रय विक्रय के लिये स्थानीय बाजार विकसित किया जाना।
- 60 साल के बुनकरों के रजिस्ट्रेशन के बाद उन्हें रू0 5000 प्रति माह दिये जाने पर विचार करना।
- जनपद आजमगढ़ के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों यथा- छोटी सरयू नदी के तट पर महराजगंज स्थित भैरो बाबा मन्दिर, मेहनगर किला, दुर्वासा ऋषि आश्रम, भँवरनाथ मन्दिर, मुहम्मदपुर स्थित अंवतिकापुरी, निजामाबाद में अयोध्या प्रसाद हरिऔध की जन्म स्थली, चन्द्रमा ऋषि आश्रम, दत्तात्रेय आश्रम, पल्हमेश्वरी मन्दिर आदि का विकास किया जाना।
- जनपद बलिया में विधि महाविद्यालय की स्थापना किया जाना।
- विधान सभा बांसडीह में ग्रामसभा सुखपुरा योगी बाबा मन्दिर का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जाना।
- विधान सभा बांसडीह में सुखपुरा चौराहे पर नाले का निर्माण किया जाना।

- विधान सभा रसड़ा, जनपद बलिया की ग्रामसभा नगपुरा में प्रसिद्ध श्री श्री 1008 बाबा अमरनाथ जी के मन्दिर पर सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जाना।
- जनपद बलिया में ग्रामसभा डेहरी से राजभर बस्ती होते हुए ग्रामसभा नागपुर तक सड़क का निर्माण कार्य किया जाना।
- जनपद बलिया में ग्रामसभा नगपुरा में जगरनाथ गुप्ता के घर से रामनाथ राजभर के घर तक सी0सी0 सहित नाली का निर्माण किया जाना।
- सुखपुरा विधान सभा बांसडीह संत यतीनाथ मन्दिर पर पर्यटन विकास का कार्य किया जाना।
- कपिलवस्तु विधान सभा जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम ऊंच्हरिया मन्दिर परिसर में धर्मशाला का निर्माण और पोखरे का सौंदर्यीकरण एवं लाइटिंग का कार्य किया जाना।
- स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम शहीद मंगल पाण्डे के पैतृक आवास (नगवा) से शहीद मंगल पाण्डे स्मारक, शहीद मंगल पाण्डे इण्टर कालेज नगवा तथा शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला महाविद्यालय से जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण किया जाना।
- जिला मुख्यालय से शहीद मंगल पाण्डे के पैतृक गांव नगवा तक आने-जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था किया जाना।
- शहीद मंगल पाण्डे के नाम से जनपद बलिया में फर्टिलाइजर कारखाने की स्थापना किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के हरिहरपुर संगीत घराने के बच्चों के शारीरिक व्यायाम हेतु योग केन्द्र तथा ओपन जिम पार्क की स्थापना किया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र की सहकारी बैंकों को पुन: क्रियाशील किया जाना।
- प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से लड़ते हुये शहीद हुये जनपद गोरखपुर के नरहरपुर स्टेट के राजा हरिप्रसाद मल्ल जी और उनके साथ शहीद हुये लोगों की स्मृति में शहीद स्मारक बनाये जाने तथा अंग्रेजों द्वारा ध्वस्त किये गये किले को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में जीर्णोद्धार कर विकसित किया जाना।
- जनपद प्रयागराज में बन्द पड़ी निप्पो बैट्री की फैक्ट्री को पुन: संचालित कराया जाना।
- जनपद देवरिया में स्थित बस अड्डे का पुनर्निर्माण किया जाना।
- जनपद बलिया में व्यापक स्तर पर आर्सेनिक रिमूवल प्लांट लगाये जाने तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल हर घर नल से जिले को अतिशीघ्र जोड़ा जाना।
- जनपद बलिया के बिंदी उद्योग को और अधिक विस्तार दिया जाना।
- भारतीय पुरातन चिकित्सा पद्धति नाड़ी और नाभि विज्ञान को फिर से पुनर्जीवित किया जाना।
- वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत पीपल, बरगद, नीम, आम तथा तुलसी के पेड़ों को रोपित करना।
- ऊर्जा विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट जापानी मीटर से उपभोक्ता के यहां आने वाले अधिक बिल के दृष्टिगत इसको लगाये जाने पर पुन: विचार किया जाना।

- जनपद आजमगढ़ के अतरौलिया के पास बेनी गौरा में बहिरादेव बाबा धर्मस्थल का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जाना।
- जनपद आजमगढ़, मऊ एवं बलिया में विकासखण्ड स्तर पर कृषि सुविधा केन्द्र खोले जाने पर विचार करना।
- जनपद बलिया में स्थित शिवरामपुरघाट (गंगा किनारे) का काशी के तर्ज पर निर्माण किया जाना।
- राष्ट्रीय राजमार्ग 31 से दादा के छपरा ढाला से माधवपुर बांसडीह रोड तक सड़क का निर्माण (लम्बाई 5.0 कि0मी0 तथा चौड़ाई 3 मी0) किया जाना।
- राष्ट्रीय राजमार्ग 31 कदम चौराहा से धरनीपुर मोड़ राजमार्ग 31 तक रिंग रोड का निर्माण (लम्बाई 6.0 कि0मी0 तथा चौड़ाई 3 मी0) किया जाना।
- 1857 की क्रान्ति के महानायक शहीद मंगल पाण्डे के पैतृक गांव नगवा में संग्रहालय का निर्माण किया जाना।
- 1857 की क्रान्ति के महानायक शहीद मंगल पाण्डे के पैतृक गांव नगवा में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में बहुद्देशीय सभागार का निर्माण किया जाना।
- 1857 की क्रान्ति के महानायक शहीद मंगल पाण्डे के पैतृक गांव नगवा में 500 सोलर लाईट लगाया जाना।
- शहीद मंगल पाण्डे के नाम पर स्टेडियम का निर्माण किया जाना।
- शिवपुर, नई बस्ती, ब्यासी गांव में पानी निकासी हेतु नाली का निर्माण किया जाना।
- राष्ट्रीय राजमार्ग 130 से अखार ढाला से लेकर बिंद के छपरा होते हुये बांसडीह रोड तक सड़क का निर्माण (लम्बाई 7.0 कि0मी0 तथा चौड़ाई 3 मी0) किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ कृषि महाविद्यालय को 20 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में मुबारकपुर-जीयनपुर, बिलरियागंज, महराजगंज मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ की नगर पालिका परिषद मुबारकपुर में अमिलों पिच रोड से ग्राम डीह तक 01 किलोमीटर लम्बाई में नाले का निर्माण किया जाना।

13- श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- प्राथमिक स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्यान्ह भोजन की सुचारू उपलब्धता, शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए और अधिक प्रयास किया जाना।
- बाढ़ से होने वाली हानि को समय से प्रयास कर रोकने तथा गोताखोरों की स्थायी व्यवस्था हेतु जल पुलिस की व्यवस्था किये जाने पर विचार करना।
- प्रदेश के श्रमिकों को रोजगार सुलभ कराने हेतु रोजगार से सम्बन्धित योजनाओं, पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी अधिक से अधिक श्रमिकों को उपलब्ध कराया जाना।
- सरकार से अनुदान पाने वाली सामाजिक संस्थाओं द्वारा धनराशि के उचित उपयोग के सम्बन्ध में अनुश्रवण की व्यवस्था किया जाना।

- मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कराया जाना।
- मत्स्य पालकों को समुचित बीमा कवर उपलब्ध कराया जाना।

14- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक में चर्चा के दौरान बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण द्वारा उठाये गये महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सम्बन्धित विभाग के प्रतिनिधियों से जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**14.1 <u>कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान</u>**

कृषि महाविद्यालय, आजमगढ़ के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि महाविद्यालय, कोटवा, आजमगढ़ को भूमि की कमी के कारण एक्रेडेशन नहीं मिल पा रहा है जिससे स्नातक स्तर से उत्तीर्ण छात्रों को अन्य राज्यों में सरकारी नौकरी मिलने में समस्या आ रही है। अत: इस विषय पर विभाग द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

**14.2 <u>चिकित्सा एवं स्वास्थ्य</u>**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण इलाकों में स्थित सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 में डाक्टरों के रिक्त पदों को भरने हेतु निरन्तर अधियाचन भेजा जा रहा है तथा सेवानिवृत्त/संविदा पर भी डाक्टरों को रखे जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही जनपद आजमगढ़ के लहुआ, पल्हना विकासखण्ड में स्थित पी0एच0सी0 में डाक्टर एवं स्टाफ की उपस्थिति भी सुनिश्चित करायी जायेगी।

**14.3 <u>पंचायती राज</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में स्थित ग्राम सचिवालयों में कार्मिकों की उपस्थिति हेतु मुख्यालय स्तर से ऐप तैयार किया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत सहायकों को प्रतिदिन निर्देशित किया जाता है जिससे उपस्थिति भी ज्ञात हो जाती है। साथ ही लगभग 611 ग्राम पंचायतो में विभिन्न सुविधाएं संचालित हैं। इस क्रम में जिला पंचायती राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश सफाई कर्मियों द्वारा ग्रामों में सफाई कार्य किया जा रहा है तथा समय-समय पर निरीक्षण कर अनुपस्थित सफाई कर्मियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

**14.4 <u>ग्राम्य विकास</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि अर्हता पूरी करने वाले दिव्यांगजनों को भी मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निरन्तर आवास दिये जा रहे है।

**14.5 पशुधन**

जिलाधिकारी, आजमगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद आजमगढ़ में 04 वृहद गौशालायें संचालित हैं। सभी गोशालाओं में लगभग 8500 गौवंश संरक्षित है। राज्य वित्त आयोग की धनराशि आवश्यकतानुसार गौशालाओं पर व्यय की जा रही है। गौचर की भूमि पर अतिक्रमण हटवा कर चारे की बुआई भी करायी गयी है। सड़क पर पशुओं को हटाने हेतु कैटिल कैचर की व्यवस्था भी उपलब्ध है।

**14.6 लोक निर्माण**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गड्डा मुक्ति/मरम्मत से सम्बन्धित धनराशि प्राप्त हो गयी है जिसके क्रम में मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।

**14.7 बेसिक शिक्षा**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आजमगढ़ मण्डल में आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत सभी पैरामीटर लगभग संतृप्ति की ओर हैं। मध्यान्ह भोजन की धनराशि तथा किताबें भी आ गयी हैं। इस सम्बन्ध में श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा विद्यालयों की मान्यता दिये जाने की प्रक्रिया को सरलीकृत किये जाने पर विभाग द्वारा विचार किये जाने का सुझाव दिया गया।

**14.8 ऊर्जा**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आर0डी0एस0एस0 योजना के अंतर्गत क्रय किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है। स्मार्ट मीटर के लगाये जाने से राजस्व में बृद्धि हो रही है। इसके साथ ही फीडर सेगरेशन का कार्य भी प्रगति पर है।

**14.9 सिंचाई एवं जल संसाधन**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सभी तटबन्धों को जल से भर दिया गया है।

**14.10 लघु सिंचाई**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा गहरी बोरिंग के विषय मे वर्तमान में संचालित योजना तथा इसके अंतर्गत लाभार्थियों को दिये जा रहे लाभ के विषय में अवगत कराया गया।

15- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी:-

- हा़फिज चौराहा (भगत सिंह की मूर्ति) से भँवरनाथ मन्दिर करतारपुर चौराहा से बवाली मोड़ तक हैवी ट्रैफिक तथा शहर का इन्ट्री पाइन्ट होने के कारण सड़क को फोरलेन किया जाना।
- पुरानी जेल की जमीन को आजमगढ़ विकास प्राधिकरण को सौप कर उसे पार्क के रूप में विकसित किया जाना।
- राजकीय शीतगृह की स्थापना लालगंज, आजमगढ़ में किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में स्थित लालगंज राजकीय कन्या इण्टर कालेज को महाविद्‌यालय के रूप में उच्चीकृत करना।
- लालगंज-मीरा मार्ग के एन0एच0-233 को क्रास करने वाले स्थान पर फ्लाई ओवर के निर्माण हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया जाना।
- लालगंज स्टेट बैंक से लहुआ सम्पर्क मार्ग 10 कि0मी0 का चौड़ीकरण (7 मीटर) का आगणन उच्च स्तर पर विचाराधीन होने के परिपेक्ष्य में इस विषय में त्वरित कार्यवाही का सम्पादन कराया जाना।
- आजमगढ़ की महायोजना (मास्टर प्लान) स्वीकृत किया जाना।
- पल्हना उपकेन्द्र (5 एम0वी0ए0), जनपद आजमगढ़ के अत्यधिक ओवरलोड होने के कारण इसको 10 एम0वी0ए0 में तत्काल परिवर्तित कराया जाना।
- 33/11 के0वी0ए0 लालगंज-लहुआ फीडर के तारों को परिवर्तित कराया जाना।
- 132 के0वी0 लालगंज से निर्गत 33 के0वी0 तरवां फीडर के 46 साल पुराने जर्जर तारों को बदला जाना।
- लालगंज नगर पंचायत के विस्तार के फलस्वरूप सम्मिलित 04 गांव यथा-मसीरपुर, टीकरगाट, रतवा चन्द्रभानपुर, चकिया भगवानपुर को नगरीय क्षेत्र की सुविधाएं उपलब्ध कराना।
- कोटा बुजुर्ग/अकोल्ही में सबस्टेशन स्थापित किया जाना।
- बवाली मोड़ से बड़ा गणेश मन्दिर तक सड़क का चौडीकरण किया जाना।
- मदुली- निजामाबाद सड़क का चौड़ीकरण किया जाना।
- ठेकमा विकासखण्ड के जिवली ग्राम में जूनियर हाई स्कूल की स्थापना किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के नगर क्षेत्र में कोलबाज बहादुर कोढ़िया बस्ती की पुलिया से विपिन राय के मकान तक बड़ा नाला (लम्बाई 200 मीटर एवं चौड़ाई 03 मीटर) का निर्माण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ के नगर क्षेत्र में सिविल लाईन के बंधे के नीचे श्री विनोद तिवारी के मकान से सिंचाई फाटक नंबर 1 तक नाले (लंबाई 180 मीटर एवं चौड़ाई 03 मीटर) का निर्माण किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में पुरानी जेल के बंधे से बड़े नाले की पुलिया तक सड़क का निर्माण कार्य किया जाना।

- पूर्वान्चल क्षेत्र के जनपदों में प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की समुचित उपलब्धता हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाकर प्राथमिक विद्यालयों में सृजित पदों के सापेक्ष अध्यापकों की तैनाती कराया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में नगर पंचायत, निजामाबाद क्षेत्र के अंतर्गत प्रकाश व्यवस्था के लिए 10 मीटर आक्टोजनल पोल लगभग 100 की संख्या में लगाए जाने पर विचार करना।
- राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बहादुरपुर, आजमगढ़ का चिकित्सालय भवन एवं आवास अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण होने के कारण इसके पुनर्निर्माण पर विचार करना।

अन्त में जिलाधिकारी, आजमगढ़ के धन्यवाद के उपरान्त श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

आशुतोष

(आशुतोष निरंजन)
विशेष सचिव

क्षेत्रीय नियोजन प्रभाग
(सचिवालय-पूर्वान्चल विकास बोर्ड)
राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग) उ0प्र0,
योजना भवन, लखनऊ

संख्या: 43 /पी0बी0/क्षे0नि0प्र0/2023 दिनांक: 17 अगस्त, 2023

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी पदाधिकारीगण।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
3. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी सरकारी/विशेष आमंत्री सदस्य।
4. सम्बन्धित विभाग/उपस्थित अधिकारीगण।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

आशुतोष

(आशुतोष निरंजन)
विशेष सचिव

**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 04 अगस्त, 2023 को आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ में आयोजित बैठक में प्रतिभागियों की उपस्थिति।**

1. श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
2. श्री जयप्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
3. श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
4. श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
5. श्री बौद्ध अरविन्द पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
6. श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
7. श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
8. श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
9. श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
10. श्री मनीष चौहान, आयुक्त, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
11. श्री आशुतोष निरंजन, विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
12. श्री धीरेन्द्र सिंह सचान, विशेष सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।
13. श्री विशाल भारद्वाज, जिलाधिकारी, आजमगढ़।
14. श्री एस0पी0 गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़।
15. डा0 बी0सी0 ब्रह्मा, मुख्य वन संरक्षक, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
16. श्री के0के0 अवस्थी, अपर आयुक्त, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
17. श्री महेन्द्र प्रसाद भारती, संयुक्त सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
18. श्री नन्द लाल सिंह, संयुक्त आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0।
19. श्री महेश नारायण पाण्डेय, संयुक्त विकास आयुक्त, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
20. श्री वी0के0 अग्रवाल, निदेशक, क्षेत्रीय नियोजन, नियोजन विभाग।
21. डा0 आर0के0 सिंह, अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, उ0प्र0।
22. श्री मनोज मिश्रा, अपर निदेशक, बेसिक शिक्षा, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
23. डा0 माधुरी सिंह, अपर निदेशक, चिकित्सा, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
24. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता (विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, आजमगढ़।
25. श्री सी0बी0 पाल, अधीक्षण अभियंता, पारेषण, आजमगढ़।
26. श्री लालजी यादव, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण, आजमगढ़।
27. श्री ए0के0 आनन्द, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
28. श्री भानुप्रताप सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
29. श्री मुकीन अहमद, अधीक्षण अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
30. श्री चन्द्रशेखर प्रसाद गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण, बलिया।
31. श्री रंजन चतुर्वेदी, संयुक्त आयुक्त, उद्योग, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
32. श्री योगेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
33. श्री के0एम0 सिंह, संयुक्त निदेशक, व्यावसायिक शिक्षा, आजमगढ़।
34. श्री अनुराग श्रीवास्तव, मुख्य कोषाधिकारी, आजमगढ़।
35. श्री डी0के0 सिंह, अधिशासी अभियंता, प्रातीय खण्ड, लोक निर्माण, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।

36. श्री अरूण कुमार यादव, अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई, आजमगढ़।
37. श्री अरूण कुमार, अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खण्ड, लोक निर्माण बलिया।
38. श्री अरविन्द सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत, आजमगढ़।
39. श्री विमल कुमार, अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण, आजमगढ़।
40. श्री गोपाल सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत, आजमगढ़।
41. प्रो0 डी0के0 सिंह, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, आजमगढ़।
42. श्री तेजई प्रसाद, वरिष्ठ शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, लखनऊ।
43. श्री आर0के0 चौरसिया, उप निदेशक, समाज कल्याण/महिला कल्याण, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
44. श्री संजय तिवारी, उप निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
45. श्री एस0के0 दूबे, उप निदेशक, पंचायतीराज, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
46. श्री एस0के0 वर्मा, उप निदेशक, मत्स्य, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
47. श्री के0पी0 शर्मा, रीजनल डेयरी डेवलपमेंट आफिसर, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
48. श्री मनोहर सिंह, उप निदेशक, उद्यान, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
49. श्री शिव कुमार राघव, उप निदेशक, मंडी परिषद, आजमगढ़।
50. श्री हृदयराम, एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ कोआपरेटिव सोसाइटीज, सहकारिता, आजमगढ़।
51. श्री रामबाबू त्रिपाठी, परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, मऊ।
52. श्री विद्या शंकर पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, आजमगढ़।
53. श्री विध्यांचल सिंह कुशवाहा, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बलिया।
54. श्री राम निवास यादव, शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
55. श्री सुशील कुमार, अर्थ एवं संख्याधिकारी, आजमगढ़।
56. डा0 नीरज श्रीवास्तव, अर्थ एवं संख्याधिकारी, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
57. श्री हेमन्त कुमार, अर्थ एवं संख्याधिकारी, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
58. श्री राजेश कुमार, अर्थ एवं संख्याधिकारी, आजमगढ़।
59. श्री दिनेश चन्द्र मिश्रा, आर0एफ0एम0ओ0, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।
60. श्री अम्बुज कुमार सिंह, सहायक अभियंता, यूपीडा।
61. श्री पंकज लाल गुप्ता, सहायक अभियंता, प्रांतीय खण्ड, लोक निर्माण, आजमगढ़।
62. श्री राजेश कुमार, सहायक अभियंता, मण्डी परिषद, आजमगढ़।
63. श्री विवेक कुमार सोनी, सहायक अभियंता, यूपीडा।
64. श्री बैजनाथ, सचिव, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, आजमगढ़।
65. श्री मनोज कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, आजमगढ़।
66. श्री संतराज, मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर, सेतु निगम, आजमगढ़।
67. श्री रामचरन, मैनेजर, पराग डेयरी, आजमगढ़।
68. श्रीमती अपूर्वा शुक्ला, ट्राईबल ऑफिसर, आजमगढ़।
69. श्री सुधाकर प्रसाद, डिप्टी डेयरी डेवलपमेंट आफिसर, आजमगढ़।
70. श्री शशिकान्त, श्रम एवं सेवायोजन अधिकारी, आजमगढ़।
71. श्री जी0 वर्मा, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, सेतु निगम इकाई, आजमगढ़।
72. श्री आर0के0 यादव, डी0वी0आई0ओ0/जेड0ओ0, खादी एवं ग्रामोद्योग, आजमगढ़।

73. श्री सुरेन्द्र यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी, आजमगढ़।
74. डा0 अनिल कुमार सिंह, असिसटेन्ट प्रोफेसर, कृषि महाविद्यालय, आजमगढ़।
75. डा0 प्रकाश, असिसटेन्ट प्रोफेसर, कृषि महाविद्यालय, आजमगढ़।
76. श्री विपुल भोले, डेवलपमेन्ट कंसलटेन्ट, हेरिटेज, आजमगढ़।
77. डा0 विजय कुमार गुप्ता, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, आजमगढ़।
78. श्री जितेन्द्र सिंह यादव, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, आजमगढ़।
79. श्री पी0के0 सिंह, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, आजमगढ़।
80. श्री प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, आजमगढ़।
81. श्री आर0पी0 जायसवाल, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, आजमगढ़।
82. श्री सतीश कुमार कुरील, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
83. श्री आशुतोष पाण्डेय, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, आजमगढ़।